भारत ने शुरू में इस बीमारी का मुकाबला करने में लॉकडाउन का सहारा लिया। सोशल डिस्टैंसिंग का सहारा लिया। और एक नजर में यह बहुत अच्छे फैसले थे। पर जब कमाई के साधन छिन जाएँ, तो गरीब तबके के लोग क्या खाएं और अपने बच्चों को क्या खिलाएँ। इस बीमारी के बीच सबसे ज्यादा बुरी हालत से प्रवासी मजदूर गुजरे, लाखों की संख्या में मजदूर अपने बीवी, बच्चों सहित नंगे पैर सैंकड़ों मील का सफर तय करने पर मजबूर हुए। लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों के पलायन को दूसरा विभाजन तक कहा गया और सच ही है, हमारी पीढ़ी के लोग जिन्होंने विभाजन के सिर्फ किस्से सुने थे,उसने उस भयावहता का पहली बार अनुभव किया। हम इतने असहाय कभी नहीं थे कि कोई मदद चाहे और हम घर में दुबके सिर्फ उसकी हालत पर दुःख व्यक्त करते रहें। संभवतः ये दौर हमारी पीढ़ी का सबसे बुरा दौर है। कोरोना काल के संकट में हम अमानवीयता की पराकाष्ठा भी साथ ही देख रहे है। इसके लिए किससे सवाल करें - सरकार से, मीडिया से या फिर खुद से। क्योंकि दोषी तो हम सब ही हैं। हमने प्रवासी मजदूरों को बिना खाए पीए, थके हारे, कभी बच्चों को तो कभी सूटकेश को कंधों पर लादे जाते हुए देखा है। हम एक ओर विकसित राष्ट्र बनने का सपना देखते हैं और दूसरी ओर हम अपने मजदूरों और उनके परिवारों का ध्यान नहीं रख पाते। क्या कोई राष्ट्र अपने हाशिये के समाज को छोड़कर विकसित हो सकता है। अगर ऐसे विकसित हो भी जाए तो क्या वह विकास वास्तविक विकास माना जाएगा।

सवाल सरकार से भी बनता है कि जब लॉकडाउन किया गया तो क्या सरकार को इस समस्या का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि रोज कमाने और रोज खाने वालों के जीवन पर कितना बड़ा संकट आएगा। अगर पता था तो सरकार की क्या नीति रही। कैसी विडंबना है कि हम अपने ही देशवासियों के साथ परदेसियों जैसा सलूक कर रहे हैं। वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था के जो हालात हैं, उसके लिए सिर्फ हम भारतीय ही नहीं बल्कि कोई भी देश तैयार नहीं था। हालांकि कोई भी आपदा या परेशानी बता कर नहीं आती है। अगर सूचित करेगी तो परेशानी थोड़े ही होगी। लेकिन इस आपदा की दस्तक हमें मिलने लगी थी। तब भी हमने जो कदम उठाए वो पर्याप्त नहीं थे। ये सरकार और हम सबके के लिए एक चुनौती थी और कहना न होगा कि सरकार और हम इस चुनौती को संभालने में विफल रहे। कुछ तो जागरूकता की कमी और कुछ रोजी-रोटी का संकट।

सोचिये जरा, छोटे-छोटे बच्चे, बीमार बूढ़े, गर्भवती महिलाएं बोझा ढोए चली जा रही हैं। नन्हें बच्चों तक जिन्हें बोझ का मतलब तक नहीं मालूम बोझा लादे, बिना चप्पलों के चले जा रहे हैं। इस दौरान जैसी तस्वीरें अखबारों और मीडिया में आई हैं, वो अमानवीय मालूम होती हैं। किसी माँ ने अपने एक बच्चे के सामने दूसरे बच्चे को जन्म दिया और चल बसी, बच्चा उसकी छाती के पास बिलख रहा है। कोई बच्चा किसी अटैची या सूटकेस पर औंधा पड़ा सामान की तरह खींचा जा रहा है। कोई मजदूर रास्ते में पड़े कूड़े के ढेर में बचे हुए खाद्यसामग्री को खाने को मजबूर है, ये सब तस्वीरें बहुत वीभत्स हैं, साथ ही सवालिया निशान हैं हम पर। हाईवे पर कितने मजदूर सड़क दुर्घटना में मारे गए, रेल की पटरियों पर उनके शव क्षत-विक्षत हालत में टुकड़ों में बिखरे पड़े हैं। और साथ में पड़ी हैं रोटियाँ। इन रोटियों के लिए ही

* सहायक प्रोफेसर, शिवाजी महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)।

वो और उनका परिवार यहाँ से वहाँ और वहाँ से यहाँ पलायन करने को मजबूर हैं। उनके अपने राज्य उन्हें घुसने नहीं दे रहे। इस महामारी ने बहुतो की कलई खोलकर रख दी है। हमने अपने भीतर के भारतीयता को ही नहीं बल्कि इंसान को भी मार दिया है, जिसके लिए दूसरे का दर्द अपना दर्द ना बने वहाँ कैसी इंसानियत।

कोविड 19 बहुत सी समस्याओं को लेकर आया। कोई संस्थान, बैंक, इंडस्ट्री, सरकार, मीडिया न तो इसके लिए पहले से तैयार था और न ही किसी को यह पता था कि यह लड़ाई इतनी लंबी चलने वाली है। सबको लगा कि कुछ दिन बाद सब ठीक हो जाएगा। पर एक लॉकडाउन के बाद भी जब केस बढ़ते चले गए तो लोगों की जमापूंजी खत्म होने लगी, राशन की दिक्कतें आने लगी, लोगो का धैर्य जवाब दे गया। सरकारों ने छुटपुट कोशिशें कीं जैसे खाना-बांटना, पैसे-ट्रांसफर कर फौरी राहत देना। पर ये सिर्फ कुछ ही दिनों में खत्म हो गया। ऐसे समय में कब तक वे घर में खुद को बाँधे रखते। उन्होंने अपने गाँव और परिवार वालों के पास जाना ठीक समझा होगा। सोचा होगा मरें तो कम से कम अपने घर परिवार वालों के साथ। अपने ही मुल्क में वे खुद को बेगाना महसूस करने लगे।

इस कोरोना काल में बेरोजगारी, जमापूंजी की समाप्ति, सैलरी न मिलना कोढ़ में खाज बन गए। सरकार ने गरीब तबके के लोगों की सहायता करने के लिए कई बार लोगों से अपील की और कहा कि आप किसी का वेतन न रोकें। पर सरकार ये भूल गई कि वेतन कोई तब देगा जब उसको खुद वेतन मिले। बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री का एक और दो तिमाही का परिणाम बता देगा कि उन्हें कितना बड़ा घाटा हुआ है। मारुति जैसी कंपनी ने घोषित किया कि मार्च में उनकी एक भी गाड़ी नहीं बिकी। ये खबर उद्योगों की स्थिति को समझाने के लिए काफी है। बड़े उद्योग तब भी कई महीनों तक सैलरी दे सकते हैं, किन्तु छोटी फैक्ट्रियों का क्या। सरकार का कहना है कि उसने करीब बीस लाख करोड़ का पैकेज दिया पर वो निचले तबके तक पहुँचा हो, ऐसा नहीं दिखता। जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं। बैंकों का एनपीए बढ़ता जा रहा। यस बैंक का संकट किसी से छिपा नहीं है। सरकारी बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नैशनल बैंक की हालत भी कोई बहुत अच्छी नहीं है। ये सरकार की नई चुनौतियाँ हैं, जो आने वाले समय में उभरेंगी।

दरअसल हमें एक कमेटी बनानी चाहिए थी जो प्रधानमंत्री और सभी 30 मुख्यमंत्री का मंडल होता। कोविड-19 से बचने के लिए जो भी सुझाव किये जाते वो सभी इस समिति के सुझावों से संभव हो सकते थे। हमें दल वैविध्य को दरकिनार कर एकजुट होकर इस बीमारी से लड़ना चाहिए था। सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर बैठक करनी चाहिए थी, वो भी कितनी की गई ये सब जानते हैं। हालत ये हो गई कि कई राज्यों के मंत्री और उनका स्टाफ इस बीमारी की चपेट में आ गया। और यह देखना भी दुखद है कि ऐसे समय में भी कुछ मंत्री और नेता फिल्म सैलिब्रिटी के साथ पार्टियां कर रहे थे और उसमें शरीक हो रहे थे। इससे जनता के बीच बहुत बुरा संकेत जाता है।

इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश भी बहुत स्पष्ट नहीं थे। विश्वस्वास्थ्य संगठन से मिलने वाले समय-समय पर परस्पर विरोधी दिशा-निर्देशों के कारण हमारी सरकार की कोविड सम्बन्धी नीतियाँ स्वाभाविक रूप से विरोधाभास युक्त होती गयीं। यही कारण रहा कि उनके पास इससे निपटने का कोई कारगर एवं असरदार तैयारी नहीं थी। पहले सरकार ने कहा कि कोविड-19 से लड़ने के लिए एन 95 मास्क काफी उपयोगी है। तब केस हजार में थे। जब केस लाखों में हो गए तो कहने लगे कि एन 95 मास्क बहुत उपयोगी नहीं है। पहले कहते थे कि हवा से ये वायरस नहीं फैलता। अब कह रहे हैं कि हवा से भी यह वायरस फैल सकता है। इस विरोधाभास ने कई अफवाहों को भी जन्म दिया। लोग बातें करने लगे और न्यूज चैनल भी इन अफवाहों पर गौर करने लगे। कुछ महानुभावों ने कहा कि गर्मियों में यह वायरस खत्म हो जाएगा, पर देखा गया कि जैसे जैसे गरमी बढ़ी असर और फैलाव भी बढता गया। तथापि विश्वस्वास्थ्य संगठन के परस्पर विरोधी सुझावों के बावजूद हमारी सरकार ने काफी हद तक स्थितियों को संभालने की पुरजोर कोशिश भी की।

कोरोना काल का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि जो बीमारी विदेश से आई है, जो हवाई जहाज से आई है, जिसे बड़े बड़े धनाढ्य लेकर आए हैं। उसकी कीमत झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बेहद गरीब, रोज कमाने रोज खाने वाले कामगार चुका रहे हैं और तब भी सारा आरोप इन्हीं पर मढ़ दिया जाता है कि यही लोग बीमारी फैला रहे हैं। कैसी विडंबना है कि हम इस पर भी राजनीति कर रहे हैं। अमीरों को अस्पताल मिल जाएंगे पर गरीब सोचने लगा कि यहाँ रहकर तो वैसे भी मरना हैं। हमारी सुध कौन लेगा। मेरे बीवी बच्चों को कौन डाक्टर बिना पैसों के देखेगा। बिना खाए हम कितने दिन जिंदा रहेंगे। इसलिए अपनी जान जोखिम में डाल वो पैदल ही अपने गाँवों की ओर निकल पड़े। इस संकट के समय गुरुद्वारों ने मानवता दिखाते हुए अपने पंडाल और द्वार इन मजदूरों के लिए खोल दिए। रास्तों में खाना बाँटने और मदद करने में सिक्ख कौम ने जो जज्बा दिखाया उसे बाकि धर्म भी सीख सकते हैं। कोरोना काल के संकट में हमारा खुद से परिचय हुआ। ऐसे समय में सरकार, मीडिया और हमें मानवता के हक में खड़ा होना चाहिए, ये बुरा वक्त भी निकल जाएगा पर हमारे काम याद रखे जाएंगे।

****

युवाओं में श्रद्धा, विश्वास और जागरूकता

पूनम तंवर*

''तोड़ देंगे हम रूढ़ियों को, एक नया जहाँ बनाएँगे, युवा हैं हम भारत के, इसे आगे बढ़ाएँगे, देखेंगे जोर कितना है तूफा की भुजाओं में, तोड़ कर सब बंधनों को हम अमर हो जाएँगे।''

इतना अधिक जोश, इतनी उमंग और इतना उत्साह केवल युवाओं में ही हो सकता है। जोश, उत्साह और उमंग से परिपूर्ण युवाओं को सन्मार्ग पर पग रखने की प्रेरणा देने के लिए अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। जो इस प्रकार से उनकी मदद करें कि वे भटकाव से बचते हुए अपना जीवन श्रेष्ठ बनाएँ।

शिक्षा

शिक्षा के माध्यम से हम युवाओं को सचेत करेंगे कि यदि उनके साथ या उनके आस-पास अगर कुछ गलत हो रहा हो तो वे उसे अनदेखा न करके उसका विरोध करें और बेझिझक अपनी समस्या को सुलझाने में सक्षम हो तथा दूसरों से साझा कर सके। नैतिक शिक्षा के माध्यम से समाज को जागरूक किया जाना चाहिए, जिससे लोग सही गलत की पहचान कर सकेंगे और युवाओं के विरूद्ध बढ़ते अपराधों में कमी आएगी। शिक्षा अपराधों को रोकने का सही व सार्थक मूल्य है।

संस्कार ही जीवन का आधार

संस्कार ही जीवन के नींव होते हैं। संस्कारों की कमी समाज में बढ़ते अपराधों का प्रमुख कारण है, जिस प्रकार एक श्रेष्ठ कार्य कुल, समाज तथा राष्ट्र को आसमान की ऊँचाईयों तक ले जाता है वहीं एक नीच कार्य पूरे समाज व राष्ट्र को गहरे अंधकार की तरफ धकेल देता है, जहाँ गहरे सन्नाटे के सिवा आशा की कोई किरण नजर नहीं आती। ऐसे में एक अमूल्य वरदान रूपी जीवन भयानक अभिशाप जैसा लगने लगता है। युवाओं का सही मार्गदार्शन करने में संस्कारों का विशेष महत्व है।

कानूनों का सख्ती से पालन

यदि हम और आप वास्तव में चाहते हैं कि अपराध रुक जाएँ तो हमें हमारे समाज तथा सरकार के द्वारा बनाए गए कानूनों का सख्ती से पालन करना होगा। सख्त कानून अपराधियों के मन में डर का कारण बनेगा। जिससे वे कोई भी अपराध करने से पहले हिचकिचाएँगे। यदि कोई भी अपराध होते ही उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाए तो आए दिन होने वाले अपराधों का विरोध किया जा सकता है, उन्हें जड़ से खत्म तो नहीं परंतु कम अवश्य किया जा सकता है। यदि अपराधों को खत्म करने की जिम्मेदारी भारतीय युवाओं को दे दी जाए तो वो दिन दूर नहीं जब भारत एक अपराध मुक्त देश कहलाएगा।

* *प्राचार्या, द हॉरिजन इंटरनैशनल स्कूल, पानीपत, हरियाणा।*

रोजगार

हम सभी जानते हैं कि समाज में व देश में बढ़ती बेरोजगारी है। युवा पीढ़ी शिक्षित होने के बावजूद सही रोजगार न मिलने के कारण भटक रही है। जैसा कि कहा भी गया है ''खाली दिमाग शैतान का घर''। यदि सभी को उनकी योग्यता के अनुसार उचित रोजगार उपलब्ध हो तो युवा भटकाव से बचकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो अपने जीवन को सार्थक करेंगे। ऐसा होने पर वे लिंग भेदभाव के दायरे से बाहर निकलेंगे तथा एक-दूसरे का सम्मान करेंगे। वास्तव में हम ऐसा ही समाज व देश बनाना चाहते हैं।

पुरुषप्रधान समाज

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का एक मुख्य कारण हमारा पुरुष प्रधान समाज भी है। कुछ परिवारों में आज भी घरेलू हिंसा होती है। यदि पुरुष प्रधान समाज ये समझे कि महिलाएँ भी समाज का बराबर का हिस्सा हैं और उन्हें भी समाज में बराबर का अधिकार मिलना चाहिए। ऐसा करके हम परिवार समाज व देश को अपराध मुक्त बनाने में अपना सहयोग दे सकते हैं, क्योंकि यदि युवा अपने परिवार में माँ, बहन, बेटी का सम्मान करेंगे व देखेंगे तो उनकी नारी जाति के प्रति कुदृष्टि सम्मानपूर्ण हो जाएगी। यदि ऐसा हुआ तभी हम वास्तविक रूप से अपनी युवा पीढ़ी को एक सुनहरा कल दे पाएँगे।

आत्म-सुरक्षा

यदि स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के साथ-साथ आत्मसुरक्षा सम्बंधी शिक्षा को भी शामिल किया जाए तो हम अपनी युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर तथा सही निर्णय लेने योग्य सक्षम बनाने में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। यदि युवा वर्ग आत्मनिर्भर होगा तो वो अपने साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का दायित्व भी उठा सकते हैं। यदि युवा वर्ग अपने देश व समाज के प्रति अपना कर्त्तव्य पूरी निष्ठा व पवित्रता से निभाएगा तो भारत को फिर से विश्व गुरु बना सकता है।

अभिभावकों का योगदान

अभिभावक यदि समय-समय पर अपने बच्चों को उनके लक्ष्य तक पहुँचने में उनकी उचित मदद करें तो उनको उनके लक्ष्य को निर्धारित करने में मदद होगी। वे अपने जीवन की सही दिशा पहचान कर भटकाव से बचेंगे। यदि अभिभावक अपने बच्चों की समस्या को सुनकर उसे दूर करेंगे तो युवा वर्ग हर निर्णय को पहचानने में कारगर सिद्ध होगें।

''बड़ों के विचारों को सुनो और दो सम्मान अनमोल हैं
उनके अनुभव, जो बनाएँगे तुम्हें सबसे महान''

उपसंहार

अगर हमें सही मायने में समाज में बदलाव लाना है तो इस विषय में सिर्फ सरकार पर निर्भर न होकर हम सभी को एकजुट होकर सहयोग करना होगा। तभी हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' के नारे को सार्थक कर पाएँगे और अपने समाज व देश को अपराध मुक्त कर पाएँगे।

****

जैनेन्द्र और सुभद्रा कुमारी चौहान की रचनाओं में स्त्री-विमर्श

शीतल कुमारी*

जैनेन्द्र कुमार और सुभद्रा कुमारी चौहान दोनों समकालीन रचनाकार हैं, दोनों व्यापक संवेदना के रचनाकार हैं। दोनों विशेष प्रतिभा के धनी हैं। दोनों ने अपने-अपने ढंग से 'स्त्री मुक्ति' के प्रश्नों को उठाया है। बस फर्क इतना ही है कि एक पुरुष रचनाकार है और एक स्त्री रचनाकार है। जहाँ जैनेन्द्र कुमार की रचनाओं में 'स्त्री मुक्ति' के प्रश्नों को उठाकर भी स्त्री के प्रति सहानुभूति का आभास होता है, वहीं दूसरी ओर सुभद्रा कुमारी की रचनाओं में 'स्त्री मुक्ति' का प्रश्न स्वानुभूति का प्रश्न है। एक ने अनुभव को उकेरा है तो दूसरे ने भोगे हुए यथार्थ को। यहीं से सहानुभूति और स्वानुभूति का प्रश्न हमारे सामने खड़ा हो जाता है।

फिर भी जैनेन्द्र कुमार हिन्दी कथा-साहित्य की दुनिया में पहले लेखक हैं, जिन्होंने स्त्री-पुरुष संबंध को आधुनिकता की दृष्टि से देखने और पेश करने का काम किया है। जिस समय कथा-संसार में प्रेमचंद जैसा प्रभावी और युगप्रवर्तक कथाकार मौजूद हो, उस समय एक अलग राह की प्रवर्तन करते हुए स्वयं को स्थापित करना एक असाधारण काम है। जैनेन्द्र ने यह कारनामा किया है, इसलिए आज भी स्मरण में है। जैनेन्द्र ने स्त्री पात्रों के माध्यम से स्त्री की पीड़ा सामने लाकर इसके माध्यम से समाज को समझाने की कोशिश की है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जैनेन्द्र ने यह काम आज से लगभग अस्सी वर्ष पहले किया है, तब न तो देश आजाद था, और न ही समाज में स्त्री अधिकारों के प्रति जागरूकता और सजगता ही थी।

अब सोचने वाली बात तो यह है कि जब उस समय 'स्त्री अधिकारों' के प्रति जागरूकता नहीं थी तो सुभद्रा कुमारी में इतनी जागरूकता कहाँ से आयी? सुभद्रा इतनी साहस कहाँ से लायी कि वह प्रथम सत्याग्राही नारी के रूप में नागपुर में बंदी बनाई जाती हैं। सन् 1923 तथा 1942 में दो बार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत करते हुए जेल भी जाती हैं। जिन्दगी अपने शर्तों पर जीती हैं। जीवन के सभी फैसले स्वयं लेती हैं। सुभद्रा कुमारी की तरह ही इनकी स्त्री-पात्र बहुत साहसी है।

अब अगर प्रश्न पर बातचीत की जाए तो 'तुलनात्मक अध्ययन' की दृष्टि से यहाँ जैनेन्द्र कुमार की बहुचर्चित कहानी 'एक रात' की तुलना सुभद्रा कुमारी की कहानी 'वेश्या की लड़की' के साथ किया जा सकता है। दोनों कहानियां अलग-अलग परिवेश में लिखी गई हैं, पर स्त्री-पीड़ा, स्त्री-संघर्ष की दृष्टि से एक जैसी लगती हैं। 'एक रात' कहानी में नायिका प्रेम और कर्तव्य के द्वन्द्व में फँसी रहती हैं और अंत तक निकल नहीं पाती है। एक रात कहानी की नायिका अपने पति से कहती है कि ''आज मुझे पता चला है कि अपना सब कुछ मैं तुम पर नहीं वार चुकी। भीतर ही भीतर कुछ बच गया था जो आज देखती हूँ, तुम्हारे चरणों में अर्पण नहीं कर सकी हूँ। मैं तुम्हें धोखा देती रही। तुमसे पाती सबकुछ रही, देने में चोरी करती रही। मैं पतिव्रता नहीं हूँ। आज ही मुझे मालूम हुआ है कि मैं पूरी तरह समर्पिता नहीं हूँ।'' इस प्रकार वह दो टूक अपने पति से कह देती है कि ''मेरे दिल में एक कोना अब भी बचा हुआ था, जहाँ तुम नहीं थे, कोई और था।'' सुदर्शना स्वेच्छा से अपने पति को सारी सच्चाई बता देती है, ठीक 'त्यागपत्र' की 'मृणाल' की तरह जबकि उसका पति इन सब बातों से बेपरवाह नशे में चूर है।

'एक रात' कहानी कुछ इस प्रकार है कि कहानी की नायिका सुदर्शना 'जयराज' नामक युवा नेता से प्रेम करती है। किंतु उसका विवाह जयराज से नहीं हो पाता। जैसे की जैनेन्द्र की सभी रचनाओं में देखा जा सकता है। सुदर्शना अपने पति के साथ

* शोधार्च्छात्रा, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

जीवन काट रही होती है। तभी उसका पूर्व प्रेमी उसकी पसंद जयराज से उसका सामना होता है और उसके अंदर दबा प्रेम जागृत होने लगता है। सुदर्शना को अपराध-बोध होने लगता है और इसी अपराध-बोध में वह अपने पति को सच्चाई बता देती है। उसके बाद जो होता है वह बहुत सहज नहीं जान पड़ता क्योंकि उसका पति उसे मारता-पीटता नहीं है। वह तो कहता है- ''मैं नहीं समझता आत्मा, धर्म, सदाचरण। मैं समझता हूँ प्रेम, सुदर्शना मैं तुम्हें प्रेम करता हूँ।'' पति में एकाएक परिवर्तन होना प्रेम की स्वीकृति करना पति के प्रति सहानुभूति दिखाना, यही जैनेन्द्र, गाँधीवादी जैनेन्द्र का सत्याग्रह है। पति का कहना है- ''सुदर्शना छूटने और छोड़ने की बात करोगी तो मेरा दिल अपने बचाव में कुछ तो करेगा ही।.... तुमपर पतिव्रता का कोई दबाव नहीं, कोई बोझ नहीं।'' तब सुदर्शना कहती है, ''स्वामी प्रतिदान में चूकना मुझसे हुआ है, तुम्हारा प्रेम वह है, जो मुझे रोकेगा नहीं। मेरे प्रेम के पास जाने के लिए।'' सुदर्शना पति और प्रेम के द्वंद्व में फँसी रहती है और फिर शब्दहीन संदेशहीन सुदर्शना चली जा रही है और अपने पूर्व प्रेमी जयराज के पास स्टेशन की ओर। जिसे मन ही मन प्यार करती है। उसके साथ स्टेशन तक जाती है और उसके गोद में सर रखकर सो जाती है। यहाँ भी जैनेन्द्र ने सुदर्शना का प्रेमी के प्रति समर्पण ही दिखाया है। इतना ही नहीं जिस समय सुदर्शना, जयराज की गोद में माथा रखकर सो रही है और जयराज जगकर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहा है उस समय जैनेन्द्र की इस कहानी का अंश देखिए-

सुदर्शना ने थोड़ी देर बाद धीमे से पूछा, 'क्या बजा होगा? साढ़े बारह तो हो गया होगा।'

'बहुत सर्दी है।'

हाँ बहुत सर्दी है।

कुछ देर हो गयी दोनों चुप रहे। तदन्तर सुदर्शना धीमे स्वर में बोली 'तुम लेट जाओ, मैं कहती हूँ।'

मानों सुदर्शना के भीतर की माता ने यह कहा। (जैनेन्द्र की सर्वश्रेष्ट कहानियाँ, पृष्ठ-91)

यहाँ जैनेन्द्र ने मातृत्व की खोज कर ली है। सतीत्व और मातृत्व के बिना जैनेन्द्र की स्त्रियाँ पूर्ण हो ही नहीं पाती हैं। यहाँ सुदर्शना प्रेमिका है और उसके लिए ऐसा कहना स्वभाविक है, फिर भी जैनेन्द्र की यह कोशिश है। उसके प्रेम को भी मातृत्व की कसौटी पर फिट करना। अब मजे की बात यह है कि सुदर्शना पति का घर छोड़कर प्रेमी के पास आती है और प्रेमी से उसे खास सहारा नहीं मिलता और अपने द्वंद्व में फंसी होने के कारण वह फिर पति के घर लौटने लगती है।

अब अगर 'वेश्या की लड़की' कहानी पर बात की जाए, उसकी इस कहानी की नायिका 'एक रात' कहानी से ज्यादा मुखर है। जिससे प्रेम करती है, उससे ही विवाह करती है। उसके जीवन में समझौता कहीं नहीं है। जीवन खुद के शर्तों पर जीती है, उसे अपने जीवन को खत्म करते समय नहीं लगता।

'वेश्या की लड़की' की नायिका 'छाया' नगर की प्रसिद्ध नर्तकी की इकलौती कन्या है। उसकी माँ मंदिर की प्रधान नर्तकी होती है, मंदिर की प्रधान पुजारी की कृपा है उस पर। जिसके कारण सुख-सुविधा की कोई कमी नहीं है। नगर में उसकी विशाल कोठी थी। मंदिर के अलावा वह कहीं बुलाने पर भी नृत्य करने नहीं जाती।

कहानी का नायक प्रमोद नगर के प्रतिष्ठित और कुलीन ब्राह्मण परिवार का लड़का था। दोनों सहपाठी हैं और प्रेम करते हैं एकदूसरे से। और दोनों ने प्रेमविवाह कर लिया 'कोर्ट मैरिज'। अब ध्यान देने योग्य बात यह है कि जहाँ जैनेन्द्र की स्त्री पात्र खुल कर प्रेम की अभिव्यक्ति भी नहीं कर पाती है और आदर्श सतीत्व और मातृत्व को ढोते हुए ससुराल चली जाती है। वहीं सुभद्रा की स्त्री पात्र 'छाया' जिसे कुलीन घर के लड़कियों के साथ बात तक करने का अधिकार नहीं है। परिवारवालों का

विरोध, तिरस्कार और प्रतारणा न तो प्रमोद को पथ से विचलित कर सका न छाया को। छाया अपनी माँ का घर छोड़कर, सारी सुख-सुविधा को छोड़कर वह प्रमोद के साथ सूखी रोटी खाकर तृप्त है। लेखिका कहती- ''छाया सुख की छाया में बड़ी हुई थी। अपमान, अनादर तिरस्कार के ज्वालामय संसार से परिचित न थी। अब पद-पद पर उसे प्रमोद से प्रेम के स्थान पर तिरस्कार से भरा हुआ अपमान मिलता था। प्रमोद के इस परिवर्तन के बाद भी छाया ने समझ लिया था कि प्रमोद के हृदय में उसने एक ऐसा स्थान बना लिया है जिस तक किसी और की पहुंच नहीं है। उसे इसी में संतोष है।'' (पृष्ठ संख्या 26, सुभद्रा कुमारी की चुनी हुई कहानियाँ)। छाया जो करती है, खुद करती है। उसे अपनी माँ के साथ बदनामी की जिन्दगी पसंद नहीं। प्रमोद के लाख कहने पर कि तुम अपनी माँ के घर लौट जाओ पर छाया नहीं लौटती है। वह कहती हैं- ''मेरी नसों में सीता और सावित्री का महान आदर्श है मेरे साथ.....। उनसे कहना कि मेरी माँ मर चुकी है अगर होती तो मेरे तरह पवित्र जीवन व्यतीत करती।'' अब जरा ध्यान दीजिए - सुदर्शना भी बार-बार पतिव्रता समर्पिता शब्द का प्रयोग करती है। ऐसा जान पड़ता है कि 'पतिव्रता' शब्द दोनों ही कहानियों की नायिकाओं पर हावी है। पर ध्यान देने योग्य बात तो यह है कि जहाँ सुदर्शना शादी के कई वर्षों बाद भी पतिव्रता नहीं हो जाती है 'एक रात' प्रेमी के साथ रहती है। उसके सामने समर्पण करने के बाद भी वह उसके साथ नहीं रहती। वहाँ से लौटती है फिर पति के घर ही जहाँ से मुहमोड़ कर चली गयी थी। वहीं दूसरी ओर छाया सीता और सावित्री का आदर्श लेकर जीवन जी रही है। पर 'छाया' को आज की स्त्री की तरह पति का किसी दूसरी औरत के साथ हेलमेल बर्दास्त नहीं। वह जिस पति के लिए सीता बनकर सारा दुःख, अपमान झेलती है पर प्रतिशोध की आग ऐसी है कि वह माँफी माँगने का भी मौका नहीं देती। जिन्दगी जीती है तो अपने शर्तों पर चाहे जितना उसे दुःख सहना पड़े, वह हारती नहीं है। मौत को गले लगाना उसे मंजूर है पर पीछे मुड़ कर जाना नहीं। प्रमोद घर लौटकर देखता है- ''छाया अपने जीवन की अंतिम सांसें ले रही थी। उसकी आंखे कदाचित् एक बार प्रमोद को देख लेने की प्रतीक्षा में खुली थीं। प्रमोद के आते ही एक हिचकी के साथ उसकी आँखे सदा के लिए बंद हो गई। प्रमोद पागलों की तरह छाया की लाश पर गिर पड़े।'' सीता की तरह छाया भी मौत को ऐसे गले लगाती है कि प्रमोद एक बार माफी भी नहीं माँग पाता। यह आधुनिक नारी का प्रतिशोध है। वह अपने प्रेमी, पति को बाँटना नहीं चाहती। उसे मर्द के पैरों की जूती बनना पसंद नहीं। वह स्वतंत्र रूप से प्रेम करती भी है और चाहती भी है। जीवन अपने बनाए शर्तों पर जीती है। चाहे उसे मृत्यु को ही गले क्यों न लगाना पड़े।

अब निष्कर्ष रूप से हम यह कह सकते हैं कि जैनेन्द्र 'स्त्री-पीड़ा' को काफी 'बोल्ड' तरीके से प्रस्तुत करने के बाद भी उसका गाँधीवादी समाधान सुझाते हैं। जैनेन्द्र 'स्त्री-मुक्ति' की औषधि गांधीवादी औषधालय में खोजते नजर आते हैं। जिन्हें आज का स्त्री-विमर्श स्वीकार नहीं करने की स्थिति में है। जैनेन्द्र की स्त्री 'राधा' की तरह कृशकाय होकर कृष्ण की बाट जोहती नजर आती है। यही कारण है कि सुदर्शना न पति की होकर रह पाती है न प्रेमी की। वहीं सुभद्रा की स्त्री-पात्रों पर गांधी दर्शन का प्रभाव रहते हुए वह समझौते की जिन्दगी जीना नहीं चाहती। उसकी स्थिति जिन्दगी और मौत के आरपार चलती है। सुभद्रा की स्त्री पात्र 'छाया' स्त्री-विमर्श के मानदंडों पर खरी उतरती है। जीवन के सभी फैसले उसके अपने हैं। उसके शरीर पर, उसके जीवन पर उसका अधिकार है। उसके प्रेमी या पति का नहीं। वह जरूरत पर सीता और सावित्री की तरह पतिव्रता का व्रत निभाती है वहीं अपमान, तिस्कार और धोखा पाने पर प्रतिशोध भी करती है, और प्रतिशोध भी कैसा? जो सोचने-समझने के लिए भी समय न दे। वह बदला लेती है अपने पति से उसे अकेला तड़पता छोड़कर मौत को गले लगाना आज से अस्सी वर्ष पूर्व बहुत साहस का काम है। सहानुभूति और स्वानुभूति का यहीं अन्तर है। मीरा की पंक्ति का यहाँ याद आना स्वभाविक ही प्रतीत होता है- ''घायल की गति घायल ही जाने और न जाने कोय।''

****

भारतीय समाज के आइने में बदलती नारी की छवि

डॉ. पूजा गुप्ता

'शोचन्ति जामयो यत्र, विनश्यत्याशु तत्कुलम्।
न शोचन्ति तु यत्रैता, वर्धते तद्धि सर्वदा॥'

अर्थात् जिस स्थान पर नारी का अपमान होता है, वहाँ विनाश होना निश्चित है, और जहाँ उसका सम्मान होता है, वहाँ सदा उन्नति होती है।

सचमुच, समाज को विनाश अथवा प्रगति के पथ पर मोड़ने वाली नारी ही है। किसी भी राष्ट्र का सबसे जीवंत अंग समाज है। समाज की कार्यशील इकाई परिवार है और परिवार की केन्द्रीय धुरी है - नारी। वास्तव में नारी समस्त राष्ट्र की और मानवता की आधारशिला है। समाज-रूपी चक्र को गतिशील रखने में नारी का विशेष महत्व है।

नारी विधाता की सबसे सुन्दर रचना है। नारी के बिना सृष्टि का कोई आधार नहीं है। वह पवित्रता, कोमलता, मधुरता, प्रेम, वात्सल्य आदि दिव्य गुणों की प्रतिमा है। प्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद के शब्दों में -

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो'

न कोई स्वार्थ, न कोई छल; नारी समाज के प्रति अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहती है। नारी का मन यही कहता है-

दया माया ममता लो आज
मधुरिमा लो अगाध विश्वास।
हमारा हृदय रत्ननिधि स्वच्छ
तुम्हारे लिए खुला है पास।

परन्तु नारी की छवि ने भारतीय समाज में कई रूप बदले हैं। आधुनिक नारी की व्यक्तित्व को जानने व पहचानने के लिए हमें पूर्व इतिहास पर दृष्टि डालनी होगी।

भारत में वैदिक काल में स्त्रियों को बहुत अधिक सम्मान दिया जाता था। उन्हें समाज में वही स्थान प्राप्त था, जो पुरुषों को था। उन्हें भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था और वे भी वेदाध्ययन करती थीं। कहीं-कहीं सह-शिक्षा का भी प्रचलन था।

महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में लव-कुश के साथ आत्रेयी के भी शिक्षा ग्रहण करने का उल्लेख मिलता है। यह भी उल्लेख मिलता है कि उन्हें भी 25 वर्षों तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था। वैदिक काल में नारियों का कार्य-क्षेत्र घर से बाहर भी था। इसका प्रमाण मिलता है कि वैदिक साहित्य में नारी को

* *सहायक प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, रामजस महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)।*

अध्यापिका, उपाध्याया, आचार्या, ऋषि, मुनि आदि शब्दों से अभिहित किया गया है। सीता, द्रोपदी, मंदोदरी, भारती, अहिल्या, अनुसूया आदि ऐसी महिलाएँ प्राचीन काल में हुईं, जिन्हें पुरुष की तुलना में किसी भी प्रकार से कम नहीं समझा जा सकता।

सामान्यतौर पर नारी की स्थिति परिवार की गतिविधियों तक ही सीमित रहती थी, जबकि पुरुष का कार्यक्षेत्र बहुत विस्तृत था। जिस तरह आधुनिक नारी व्यक्तित्व की स्वतंत्रता, स्वावलंबन, शिक्षा और परिणामतः प्रगति की ओर अग्रसर हुई है, वैसा शायद पहले इतिहास में कभी नहीं हुआ।

कहते हैं, रामायण और महाभारत के युग के बाद नारी की स्थिति खराब होती चली गई और उसकी प्रतिष्ठा क्षीण होने लगी। जिस नारी को, इन पंक्तियों से सम्बोधित किया जाता था-

अर्ध सत्य तुम, अर्ध स्वप्न तुम, अर्ध निराशा आशा,
अर्ध अजित-जित, अर्ध तृप्ति तुम, अर्ध अतृप्ति पिपासा;
आधी काया आग तुम्हारी, आधी काया पानी,
अर्धांगिनी नारी! तुम जीवन की आधी परिभाषा।

उसी नारी को नरक के द्वार की संज्ञा दी गई-

'नारी नरकस्य द्वारम्'

शंकराचार्य, कबीर और तुलसीदास जैसे बड़े विद्वानों ने भी नारी की महानता पर प्रश्नचिन्ह अंकित किए। इन लोगों ने नारी को साधना के पथ में बाधा माना। नारी को सर्जनात्मक शक्ति को विध्वंसात्मक शक्ति मान लिया गया। स्त्री-निन्दकों द्वारा नारी को पाप की खान तथा भुजंगिनी के समान भी कहा गया।

'ढ़ोल गंवार शूद्र पशु नारी
ये सब ताड़न के अधिकारी'

कहकर यह साफ जाहिर कर दिया कि नारी और पशु में कोई अंतर नहीं। यहाँ तक कि नारियों को पशु समान खरीदा व बेचा भी गया। सम्भ्रान्त परिवारों में स्त्रियों को पशु-संपत्ति की तरह संग्रह की वस्तु समझा गया और पण्डितों ने उसे जाति की दृष्टि से शूद्र का दर्जा दिया।

पिछले हजारों वर्षों से पुरुष नारी का शोषण करता रहा है। मध्य युग में नारी को विलासिता का साधन माना जाता था। पुरुष उसे अपने शयनकक्ष का शृंगार मानता था। स्त्री पुरुष की सेविका, भोग्या और अंततः चूल्हा-चौका और बच्चों की परवरिश करने वाली गृहिणी बनकर रह गई। घर की चारदीवारी में कैद होकर नारी को जन्म से मृत्यु तक घुटना पड़ता था। स्त्री की आशा व आकांक्षाओं की पुरुष के लिए कोई महत्ता नहीं थी। उसे शिक्षा के अधिकार से भी वंचित कर दिया गया था। उसे घर की लक्ष्मण रेखा को पार करने की अनुमति नहीं थी।

परन्तु आधुनिक युग में जब हर चीज एक नवीन रूप धारण कर रही है तो नारी का प्रारूप भी उससे कैसे अछूता रह सकता था? आज के समाज में नारी के सम्बन्ध में भी एक आधुनिक दृष्टिकोण बना है। आधुनिक अर्थात् नए समय के अनुसार, बदलते परिवेश के अनुकुल। आज नारी की स्थिति भी समय के अनुसार बदल रही है, यही उसकी आधुनिकता है।

नारी की पूर्ण स्वायत्तता का आंदोलन लगभग एक शताब्दी पुराना है। भारत में राजा राममोहन राय के प्रादुर्भाव के साथ ही नारी जागरण का संदेश फैलना शुरू हो गया था। स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गाँधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे व्यक्तियों ने नारी को समाज में उचित स्थान दिलाने की दिशा में अनेक प्रयत्न किए। फलस्वरूप, नारी से सम्बन्धित अनेक कुप्रथाओं जैसे सती-प्रथा, बाल-विवाह, आदि का अंत हो गया।

नारी की आधुनिकता का प्रादुर्भाव व्यक्तित्व में क्रांति उत्पन्न होने से आया है। इसके साथ ही नारी की आधुनिकता का सम्बन्ध परिवार एवं समाज में उसके स्थान और दायित्व से है। आधुनिक युग में नारी ने अपनी महत्ता को पहचाना। उसने दासता के बन्धनों को तोड़ दिया और स्वतंत्र व्यक्तित्व को अपनाया। आधुनिक नारी ने स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वावलंबन का भी पाठ पढ़ा। उसने शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का सुन्दर परिचय दिया है।

शिक्षा के क्षेत्र में वह पुरुषों से कुई कदम आगे निकल चुकी है। वह कला विषयों के साथ-साथ, वाणिज्य और विज्ञान विषयों में भी सफलतापूर्वक शिक्षा ग्रहण कर रही है। नारी प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति करने के लिए दृढ़ संकल्प है। आधुनिक नारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि काम चाहे एक्जीक्यूटिव ऑफिसर का हो या विमान चालक का, स्त्रियाँ उसे सम्पन्न कर सकती हैं। वे सिर्फ ममतामयी जननी और घर का कामकाज देखने वाली गृहिणी मात्र नहीं रह गई हैं।

आधुनिक नारी प्राचीन अंधविश्वासों की बेड़ियों से मुक्त हो गई है। वह भावुकता के स्थान पर बौद्धिकता को अधिक महत्व देती है।

आधुनिकता की आड़ में कुछ नारियाँ स्वतंत्रता और स्वावलंबन के साथ-साथ अभिमान को अपना लेती हैं और नारीत्व को लज्जित कर बैठती हैं। वे स्वयं को पुरुषों से अधिक प्रगतिशील करने की होड़ में नारी व्यक्तित्व की परिभाषा ही बदल देती हैं। उनके लिए नारी-मुक्ति का अर्थ पुरुषों के खिलाफ आंदोलन और अपनी मनमानी चलाना होता है। वे मुक्त होने के क्रम में अपने नारीत्व को खो देती हैं।

ऐसी स्त्रियों को नारी-मुक्ति के नाम पर पुरुषों की नकल या उनके प्रति आंदोलन नहीं करना चाहिए। उन्हें जानना चाहिए कि उनका गौरव इसी बात में है कि वे स्त्रियोचित गुणों से युक्त रहें। ममता, मातृत्व, कोमलता, सुन्दरता, सहजता आदि से युक्त रहकर नारी अपने व्यक्तित्व को आसानी से विकसित कर सकती है।

'आधुनिकता' का यह रूप सतही एवं सीमित है। आधुनिकता का वास्तविक मानदंड इस अपवाद से नहीं अपितु नारी की नई चेतना, आत्मनिर्भरता और अंध-रूढ़ियों से मुक्ति है। अपने अधिकारों व अपनी शक्ति को पहचानने से है। साधारण हस्तशिल्प से लेकर इंजीनियरी तक आज नारी जागरूकता से अपनी योग्यता प्रदर्शित कर रही है। राजनीतिक दृष्टि से भी विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय होकर आधुनिक नारी ने समाज और देश की प्रगति में योगदान दिया है। आज के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और समाजतंत्र में नारी की जीवन्त भूमिका साफ नजर आ रही है। यह उसकी आधुनिक दृष्टि का ही परिणाम है।

तात्पर्य यह है कि प्रगति और शिक्षा आदि के क्षेत्र में तो नारी को पूर्ण आधुनिक बनना चाहिए, नए विचारों, नई चेतना को आत्मसात करना चाहिए, किन्तु नाशकारी और समाज-विरोधी आधुनिकता का अन्धानुकरण उचित नहीं।

****

बालिका शिक्षा : चिंतन अनुचिंतन

सुश्री रेखा चुडासमा*

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में छात्र-छात्राओं की शिक्षा एवं पाठ्यक्रमों में समानता होने से बालिकाओं में नैसर्गिक, मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक स्त्रियोचित गुणों का विकास नहीं हो पाता है। आज की बालिका भविष्य की नारी है। वह परिवार, समाज और देश का नेतृत्व अपने व्यक्तित्व से कर सके, इस प्रकार के पाठ्यक्रमों की उसे आवश्यकता है। पारिवारिक भावना, पारिवारिक जीवन और परिवार-व्यवस्था का मुख्य आधार गृहिणी है। आज के संदर्भ में परिवार के प्रति दृष्टिकोण बदल गया है। संस्कार-परंपरा, कुल-परंपरा एवं संस्कृति-परंपरा परिवार के माध्यम से ही हस्तांतरित होती है, इसमें महिला का ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

स्त्री-पुरुष समानता, स्त्री-मुक्ति, स्त्री-सशक्तीकरण आदि शब्दों की अवधारणा से बालिका-विकास के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव हुआ है। सिर्फ कैरियर आधारित, अर्थ केन्द्रित शिक्षा से भारतीय नारी के वास्तविक तथा श्रद्धास्पद स्वरूप का बोध होने में बाधा आ रही है। जीवन की चुनौतियों एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने की क्षमता का विकास करने की व्यवस्था आज कम ही दिखाई देती है। परिवार के प्रति बालिका का कर्तव्यबोध कम होता दिख रहा है।

भारत के इतिहास की प्रेरक महिलाओं का परिचय एवं प्रेरणा, धर्म एवं संस्कृति का सही ज्ञान देने वाली शिक्षा का पाठ्यक्रमों में अभाव दिख रहा है। जो वर्तमान समय में बालिका को विशेष शिक्षा के माध्यम से दी जानी चाहिए। वर्तमान भारत को वैचारिक एवं व्यावहारिक दृष्टि से मजबूत बनाये, ऐसी शिक्षा की आज आवश्यकता है।

शिक्षाविदों के विचार बालिका शिक्षा के परिपेक्ष्य में

भारतीय शिक्षाविद् श्री लज्जाराम तोमर का कथन है ''हमें यह सत्य स्वीकार करना होगा कि विज्ञान और समाज चाहे जितने उन्नत हो जायें और सामाजिक दृष्टि से स्त्रियों और पुरुषों के व्यवहार क्षेत्र तथा कार्यक्षेत्र में चाहे जितनी समानता आ जाए, किंतु पुरुषों और स्त्रियों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं और उनकी पूर्ति के साधनों में अवश्य अंतर रहेगा। यह अंतर कुछ तो उनकी नैसर्गिक भिन्नता के कारण और कुछ उनकी शारीरिक भिन्नता के कारण आवश्यक है। सामाजिक समानता का अर्थ यह नहीं है कि पुरुष और स्त्री दोनों की प्रकृति एक हो जाए। यह संभव नहीं।''

स्त्री की प्रकृतिजन्य विशेषताओं को ध्यान में रखकर उनके विकास की सुव्यवस्था शिक्षा क्षेत्र में अलग से करना परमावश्यक है। एक स्त्री को माता, गृहिणी, पुत्री, भगिनी, पत्नी आदि सभी संबंधों का निर्वाह परिवार में करना होता है। इसलिये स्त्रियों की मूलभूत मनोवैज्ञानिक और भावात्मक विशेषताओं, सौंदर्यात्मक वृत्ति, मातृत्वभाव एवं गृहिणी के रूप में उसके उत्तरदायित्व आदि का ध्यान रखते हुए उसकी शक्तियों के विकास के अनुकूल उनकी शिक्षा के पाठ्यक्रम की व्यवस्था की जानी चाहिए।

स्त्री स्वरूप, राष्ट्रहित समर्पित गृहिणी, माँ, श्रेष्ठ नागरिक की भूमिका निभाने वाली स्त्री का निर्माण करने वाले पाठ्यक्रम के निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होती है।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने विभिन्न पाठ्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा था - ''प्रकृति और ईश्वर ने मानवजाति को स्थिर बनाये रखने का भार स्त्री पर रखा है और मनुष्य का सृजन पुरुष नहीं अपितु स्त्रियाँ ही कर सकती हैं। इस गौरवपूर्ण तथा विशिष्ट दायित्व को स्त्रियों और समाज के समक्ष लाना चाहिये और चाहे जो भी शिक्षा पद्धति हो, उसमें इसकी गरिमा या अनिवार्यता को ध्यान में रखना चाहिए।''

* *बालिका शिक्षा, संयोजिका, विद्याभारती, जबलपुर*

कोठारी आयोग ने कहा है ''शिक्षा के द्वारा ही बालिकाओं में सामाजिक, राष्ट्रीय भाव का निर्माण करना है। नैतिक आध्यात्मिक भाव संतुष्ट करना, सहनशील, सार्वजनिक हित का ध्यान, स्वशासन, आत्म साक्षात्कार, नेतृत्वशक्ति का विकास, वैज्ञानिक मस्तिष्क का विकास, सामाजिक कुप्रथाओं का प्रतिकार करने की क्षमता का निर्माण करना है।''

महात्मा गाँधी जी ने सत्य शिक्षा में लिखा है ''जग के आधार रूप में पुरुष एवं स्त्री समान है।'' यह भी बिल्कुल सत्य है कि ''शारीरिक बनावट में दोनों में महान भेद है। पुरुषों एवं स्त्रियों की शिक्षा में उसी प्रकार का अंतर किया जाना आवश्यक है जैसा कि स्वयं प्रकृति ने उनसे किया है।''

महात्मा गाँधी जी का शिक्षा चिंतन है ''प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर तो बालिकाओं के लिए वही पाठ्यक्रम हो सकता है, जो बालकों के लिये हो, परंतु माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक, उच्च शिक्षा के स्तरों पर उनमें स्त्रियों के कार्यक्षेत्र की दृष्टि से आवश्यक परिवर्तन किया जाना चाहिए। इस प्रकार की शिक्षा से दीक्षित कन्या अपने परिवार, समाज तथा देश के सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाने में उपयोगी सिद्ध होगी।''

हमारे देश में बालिकायें अपनी माँ, दादी, नानी, बुआ से परिवार भावना, परिवार व्यवस्था, सामाजिक नीति-रीति, गृह प्रबंधन, मनोविज्ञान, भारतीय तत्वज्ञान तथा विविध कला कौशल घर में ही अनुकरण करके सीखती थी। वर्तमान समय की परिस्थितियों और परिवार व्यवस्था में परिवर्तन होने से विद्यालय-परिवार को बालिका शिक्षा पाठ्यक्रमों के क्रियान्वयन का संकल्प करना होगा। बालिका शिक्षा के आयाम को महत्व देकर सामाजिक प्रयोगों को परिवार शिक्षा एवं समाज प्रबोधन की दृष्टि लानी होगी।'' विद्यालय को ही बालिका शिक्षा का केन्द्र बनाना होगा जो पहले परिवार में था।

उपर्युक्त शिक्षाविदों के कथन से बालिका शिक्षा का महत्व स्पष्ट होता है। इसलिए नैसर्गिक गुणों से युक्त बालिका की विशेष शिक्षा का विचार विद्याभारती ने किया है। विद्यालयों में विषय शिक्षण के साथ सह-पाठ्य क्रियाकलापों के माध्यम से पाठ्येतर क्रियाकलाप से एवं नैमित्तिक, प्रासंगिक कार्यक्रमों के माध्यम से और परिवार में किए जाने वाले क्रियाकलाप, बालिका शिक्षा का क्रियान्वयन विद्याभारती के बालिका विद्यालयों एवं सह-शिक्षा विद्यालयों में किया जा रहा है। बालिका शिक्षा में परिवार के साथ संवाद, परिवार प्रबोधन एवं समाज जागरण के विषयों पर विचारगोष्ठी एवं चिंतन होता है।

इस दृष्टि से बालिका को निम्नलिखित कार्य सीखने की आवश्यकता है।

(क) घर के छोटे मोटे काम

कुछ काम ऐसे होते हैं जो घर में किये जाते हैं और करने ही चाहिए। इन कामों की सूची इस प्रकार है -

1. घर की स्वच्छता करना, व्यवस्था करना।
2. कपड़े धोना, बर्तन साफ करना।
3. भोजन पकाना और परोसना।
4. देव पूजा, अतिथि सत्कार एवं अन्य कुलाचार एवं कुल धर्मों का पालन करना।
5. घर सजाना। घर का संस्कारक्षम वातावरण निर्माण करना।
6. बड़ों की, रुग्णों की, बच्चों की, अतिथियों की परिचर्या करना।
7. शिशु संगोपन एवं शिशु संस्कार करना।
8. गृहस्थाश्रम के सारे सामाजिक कर्तव्य समझना।

(ख) परिवार भावना, परिवार जीवन एवं परिवार व्यवस्था

1. परिवार की केन्द्र बिन्दु माँ एवं गृहिणी के उत्तरदायित्व को समझना।

2. परिवार में समन्वय, समायोजन और सबके साथ मातृवत् व्यवहार सीखना।
3. परिवार का महत्व समझना।
4. परिवार परंपरा को नई पीढ़ी को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया समझना।
5. परिवार की जीवनशैली में भारतीयता का वैज्ञानिक दृष्टिकोण सीखना।

(ग) संस्कृति के संस्कार

1. जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना।
2. शिष्ट और सुसंस्कृत पद्धति से व्यवहार करना।
3. संयम, अनुशासन, परिश्रम, आज्ञापालन, सेवा के भाव।
4. उत्सव पर्व मनाने की सांस्कृतिक पद्धतियाँ।
5. अपने कुल का गौरव बढ़ाने का भाव।
6. कुल परंपरा को आगे बढ़ाने के सिद्धांत।
7. घर के सभी सदस्यों को एक सूत्र मे पिरोना और उन्हें अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिये प्रेरित करना।
8. सभी के प्रति मातृवत् व्यवहार करना।
9. नारी देह में जन्म के गौरव का भाव होना।

(घ) विभिन्न व्यावहारिक कौशल

घर समाज की इकाई है। इस दृष्टि से घर के कुछ सामाजिक दायित्व होते हैं। ये दायित्व भी गृहिणी को निभाना आना चाहिए।

1. घर में जो आय होती है, घर चलाने के लिये उसका किस प्रकार व्यय करना इसे हम कहेंगे ''व्ययशास्त्र'' सीखना।
2. जितनी आय है उससे व्यय हमेशा कम रहे यह पहला नियम है। दूसरा कर्तव्य है हमें आय और कम व्यय से जो कम सुविधाएँ प्राप्त होती हैं, वह परिवार में दुःख और क्लेश का कारण न बने, यह देखना। तीसरा है धन और पदार्थो की विपुलता से ही नहीं अपितु प्रेम और सौहार्द्र की भावना से सुख मिलता है इस संस्कार को दृढ़ करना।
3. अपनी कमाई से अनिवार्य रूप से दान करना चाहिए। यह बात घर के सभी सदस्यों को समझाना चाहिए।
4. किस बात पर कितना खर्च करना, खर्च की दृष्टि से प्राथमिकताएँ तय करना, कुशलतापूर्वक खरीदी कौशल सीखने की आवश्यकता होती है।
5. व्यय कम हो इस दृष्टि से योजना करना और आय अधिक हो इस दृष्टि से छोटे-मोटे उत्पादक उद्योग सीखना चाहिए।
6. धन कितना आवश्यक है और धन से अधिक आवश्यक कौन-कौन सी वस्तुएं हैं, यह सीखना चाहिए।

बालिका शिक्षा में कार्यक्रम एवं योजनाएँ

1. बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर।
2. किशोरी परामर्श एवं प्रशिक्षण।
3. ''कन्याभारती'' की संगठनात्मक रचना।
4. किशोरावस्था में परिवर्तन एवं व्यवहार-प्रबोधन एवं परामर्श।
5. बालिका शिक्षा संबंधित विषयों की विभिन्न परिषदों की रचना करना, कार्यशाला।
6. माता-पुत्री विचार गोष्ठी के माध्यम से चर्चा/वार्ता, जिज्ञासा समाधान।
7. परिवार के विभिन्न विषयों पर प्रबोधन/गोष्ठी।

****

NEWS ANALYSIS

By Prarthana Judith Herald

RESPECT YOUR ELDERS



80-year-old abandoned by daughter dies

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Delhi Commission for Women sent a notice to Delhi Police after an 80-year-old woman, who was abandoned on the streets of Paharganj by her daughter, died on Thursday. Police have been asked to submit whether the accused daughter has been arrested or not.

DCW has asked police to provide the status of investigation in the matter. Information about filing of chargesheet and steps taken as mandated under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens has been sought from them.

The octogenarian was rescued by the women's panel about a month ago from outside her house. She was left to die on the streets. She had deep scars and clots on her body when rescued. Locals told that she had been living on the streets for the last six months after her daughter abandoned her. There were marks of severe assault on her body. She was admitted to Lady Hardinge Hospital.

Later, she told the DCW members that she was beaten by her own daughter. After intervention of the commission, an FIR was registered by Delhi Police. On Thursday, due to severe injuries and extreme poor health, the woman passed away in the hospital. The accused did not attempt to visit her mother even once during her treatment in the hospital.

"Respect your elders learn from the people who have walked the path before you ....respect them because Someday and sooner than you could ever imagine you're going to be old too..." **- Anonymous**

These lines are so very true for a society in which we live today. The real dilemma lies in the fact that an individual like you or me can do nothing for those aged parents who are there lying in the old age homes and many a times these old people are mistreated and ill-treated by the administration of these homes. As an individual I can narrate my own journey of how I visited an old age home and witnessing the harsh reality of that place made me feel miserable. It brought out the sordid reality of how the old in India are living every day. In my interview with one of the gentlemen there Mr. X (to retain the anonymity of the individual) I got to know that he was cheated by his own sons and daughters who took him on the pretext of a drive in the city at night and dropped him with his luggage outside the old age home. It must have been a bolt from the blue! Mr. X in spite of being a graduate in chemistry was thrown into an old age home when his children got to know that he was suffering from a heart disease.

What was really appalling and distressing was that while interviewing these old people, I got to know that they were not even allowed to switch on the fans here in the month of July when I visited them. It is indeed a dolorous tale of atrocity. After visiting the old age home, I have had an experience of my life that I would never forget till my last breath. A deeper sense of respect and gratitude for the elderly has been embedded in my heart. With teary eyes as I was interviewing them, I heard story after story of neglect and how the children whom these parents cared for Once Upon A Time have now abandoned them. If I can describe such a situation, I would certainly call it nothing short of a heinous crime both at the part of the children who abandoned their parents and the administration of the old age home. I can definitely speak about these two homes that I visited in the month of July 2017 however at the same time I cannot generalize the condition of the other homes that are located all over India.

After knowing the grim actualities of life in the old age homes. Mr. X's words were - " it's like a prison for me I want to get out please help me", these words left an indelible mark on my heart, I was helpless, I could not do anything but till today I remember his helpless face. Another narrated -" we are given the same Khichdi chawal everyday" then I heard still another saying that "we are forced to carry big buckets of washed linen to the terrace". It was pathetic to know that even in this old age there is no rest granted to the residents of the old age homes. Oh, I wish I could help them as a student. Yes, when I did talk to them, they were very happy and cheerful, they lack company, they want someone to talk to them they are all alone but who will listen to them, nobody is patient enough. It gives me a heartache and I am sure that you must be restless too after reading this painful ordeal. It is true that life becomes a burden when your loved ones are not around you and when they think of you as a burden to them I am astonished to find out that there are children who do not respect their parents and treat them as if they never existed!

A few days back there was another article in the newspaper of how an 80 year old woman was abandoned on the streets of Paharganj thrown and beaten by her daughter. Stories like this really make you feel worse isn't it? I would say such stories and experiences are an epiphany of cold hearted and inconsiderate human beings who are like zombies who don't feel pain and hurt in spite of having a heart. It is thus important to understand the nuances of human life, that one does not stay active and young every time, it is the fact of life that one will turn old one day and therefore life is a vicious cycle one should never forget that one would reap whatever he or she sows and that would be very harsh. There is a minute and subtle difference in living for oneself and in living for others what would you opt for? It is ultimately your decision, it is your choice, therefore discern wisely. It is important to care for your elders. I hope that you as a reader would choose to make a difference in the life of your elders and become a great change in the society one day so that together we will be able to carve a niche in society where everyone would be able to live a decent and healthy life without the fear of being abandoned, - to relinquish selfishness and embrace selflessness.

SKETCHES

By Simran Tyagi

Based on Articles in June 2020 Issue

ISSN 2581-9917

The Feminine 'Nature' in the Indian Texts and Tradition

ISSN 2581-9917

रोपण

"You have the wings. Fly high and fly strong"

--Dr. Prerna Das
New Oregon, USA

ICC Maitreyi College

Bapu Dham Complex, Chanakaya Puri, New Delhi-110021
Phone No. 011-24673815 | Mobile No. 9818015570
e-mail : pbagla@maitreyi.du.ac.in

Magazine Design by : Mr. Santosh Kumar, 9810247681